सरकारी हॉईस्कूल, करेकट्टे, चेन्नगिरी तालुका।।

वार्षिक परीक्षा - मार्च : 2023

विषय : तृतीय भाषा-हिंदी　　कक्षा-9वीं　　अंक-80　　समय 3-घंटे

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं। उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए :　**8 × 1 = 8**

1. 'बात' शब्द का अन्यवचन रूप है -
   (A) बातें　(B) बातों　(C) बता　(D) बताएँ
2. निम्नलिखित में 'जातिवाचक संज्ञा' शब्द है -
   (A) गंगा　(B) कर्नाटक　(C) रमेश　(D) नदी
3. रहीम .... भाई है।
   रिक्त स्थान में सही सर्वनाम शब्द -
   (A) मैं　(B) मेरा　(C) मेरी　(D) उन्होंने
4. 'उठना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है -
   (A) उठाना　(B) उठा　(C) उठ　(D) उठवाना
5. निम्नलिखित में 'अयोगवाह' अक्षर है -
   (A) अ, ई, उ, ऋ　(B) ङ, ञ, ण, न, म।　(C) अं और अः　(D) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र
6. निम्नलिखित में 'स्त्रीलिंग' शब्द है -
   (A) माता　(B) घोड़ा　(C) स्वामी　(D) बालक
7. 'सौगात' शब्द का समानार्थक रूप है -
   (A) आहार　(B) भोजन　(C) खाना　(D) उपहार
8. इंटरनेट का उपयोग कहाँ-कहाँ किया जाता है ?
   वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है -
   (A) अल्प विराम　(B) पूर्ण विराम　(C) प्रश्नवाचक चिन्ह　(D) योजक चिन्ह

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :　**4 × 1= 4**

9. किसान : भैंस :: डाकू : ....
10. बिल्ली : रोटी :: बंदर : ....
11. दर्जी : कपड़े सीता :: ड्राइवर : ....
12. मकर संक्रांति : धार्मिक त्योहार :: स्वतंत्रता दिवस : ....

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :　**4 =1 × 4**

13. हमें किस पर बलि-बलि जाना चाहिए ?
14. रोहन अब कहाँ से आया है ?
15. क्रिसमस त्योहार कब मनाया जाता है ?
16. बालक किससे पुरस्कार पाना चाहता है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : **8 × 2 = 16**

17. किसान कहाँ से लौट रहा था। उसे किसने रोका ?
18. "बंदर-बाँट" कहानी से आपको क्या सीख मिलती है ?
19. किन्ही चार प्रसिद्ध महिलाओं के नाम लिखिए।
20. निम्नलिखित शब्दों को संज्ञा के भेदों के अनुरूप सूची बनाइए :

राम, बगीचा, गर्मी, रोहन, विद्यालय, अमित, मिठास, गेंद, ताजगी

व्यक्तिवाचक : ______ ______ ______

जातिवाचक : ______ ______ ______

भाववाचक : ______ ______ ______

21. भगवान से हमें क्या माँगना चाहिए ?
22. सच्चे मित्र से हमें क्या-क्या लाभ होते हैं ?
23. मम्मी मुन्नी से हँसकर क्या बोली ?
24. संतुलित आहार किसे कहते हैं ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : **9 × 3 = 27**

25. मोबाइल से लाभ और हानियों के बारे में लिखिए।
26. प्राचीन शिक्षा पद्धति और आधुनिक शिक्षा पद्धति में क्या अंतर है। स्पष्ट कीजिए।
27. पाठशाला में किन-किन अनुशासन का पालन करना चाहिए।
28. स्वतंत्रता दिवस क्यों मनाया जाता है ?
29. स्वामी विवेकानंद ने जनता को ललकार कर क्या कहने को कहा ?
30. नीचे दिए गए चित्र के बारे में तीन-चार वाक्य लिखिए।

31. नीचे दिए गए चित्र के बारे में तीन-चार वाक्य लिखिए।

32. निम्नलिखित पद्य का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।

अगर न होता छोटा बच्चा,
तो लेकर बंदूक हाथ में,
मैं भी नाम कमाता।

33. निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ में कीजिए।

एक बार दो बकरियाँ एक नदी के ऊपर बने संकर पुल पर आमने-सामने आ गयीं। पुल बहुत छोटा था। दोनों एक बार उसे पार नहीं कर सकते थे। गुजरने के लिए दोनों में झगडा शुरू हुआ।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8

34. कन्नड राज्योत्सव के बारे में लिखिए।

अथवा

त्योहारों को मनाने से क्या लाभ होता है ?

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

एक रहें ....
....
....
.... बलि-बलि जाएँ।

VII. गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4

36. प्रायः अधिकांश लोग दूसरों के जीवन का अनुसरण करते हैं, इसी में उनको सुख मिलता है। अपनी ताकत को न पहचानकर दूसरों के पीछे निरुद्देश्य चलना केवल अंधानुकरण है। सड़क के किनारे पड़े सूखे पत्ते कमजोर और निर्जीव होने पर भी स्वयं को सबके समान गतिशील समझते हैं । दूसरों के बल पर जीने वाले, दूसरों की नीति की नकल करने वाले कभी प्रगति नहीं कर सकते। वास्तविक प्रगति के लिए मनुष्य को समय के साथ निज-बल से आगे बढ़ना चाहिए।

(अ) दूसरों को प्रायः सुख कैसे मिलता है ?
(आ) अंधानुकरण से क्या तात्पर्य है ?
(इ) सड़क के किनारे पड़े पत्ते कैसे हैं ?
(ई) वास्तविक प्रगति के लिए मनुष्य क्या करना चाहिए ?

VIII. दिए गए संकेत बिन्दुओं आधार पर 12-15 वाक्यों में एक निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4

37.

विज्ञान का चमत्कार-इंटरनेट :	हमारे राष्ट्रीय प्रतीक :	पर्यावरण की सुरक्षा :
* प्रस्तावना	* राष्ट्रगान	* पर्यावरण का अर्थ
* इंटरनेट से लाभ	* राष्ट्रध्वज	* पर्यावरण का महत्व
* इंटरनेट से हानि	* कमल	* पर्यावरण की रक्षा
* उपसंहार	* बाघ	* उपसंहार

XI. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5

38. अपने प्रधानाध्यापक को तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

अपने मित्र को जन्मदिवस की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

~~~~~~~~~ ~~~~~~~~~
~~~~~~~~~